This question paper contains **8+2** printed pages]

आपका अनुक्रमांक ........................

**162**

**B.Com. (बी.कॉम.)/I** **J-II**

Paper V—HINDI (B)

प्रश्नपत्र V—हिन्दी (ख)

(भाषिक प्रयोग एवं क्षमता, संप्रेषण-क्षमता, काव्य संकलन, गद्य संकलन, द्रुतवाचन इत्यादि)

(प्रवेशवर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अति मलीन वृषभानु-कुमारी।
हरिस्रम-जल भीज्यौ उर-अंचल, तिहिं लालच न धुवावति सारी॥
अधमुख रहति अनत नहिं चितवति, ज्यौं गथ हारे थकित जुवारी॥
छूटे चिकुर बदन कुम्हिलाने, ज्यौं नलिनी हिमकर की मारी॥
हरि सँदेस सुनि सहज मृतक भइ, इक बिरहिनि, दूजे अलि जारी॥
सूरदास कैसैं करि जीवैं ब्रज बनिता बिन स्याम दुखारी॥

P.T.O.

**अथवा**

शादी क्या है, वैभव का है यह उन्मत्त प्रदर्शन
रेशम की यह चकाचौंध, मणिमुक्ता का उद्दीपन
पास-पड़ोस उजागर हैं, बिजली लेती अँगड़ाई
थिरक रही है माइक पर उस्तादों की शहनाई। 8

(ख) निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

किस्मत में था खाली खप्पर, खोज रहा था मैं प्याला;
ढूँढ़ रहा था मैं मृगनयनी, किस्मत में थी मृगछाला;
किसने अपना भाग्य समझने में मुझ-सा धोखा खाया;
किस्मत में था अवघट-मरघट, ढूँढ़ रहा था मधुशाला॥

प्रश्न :

(*i*) खाली खप्पर, प्याला, अवघट-मरघट और मधुशाला के प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) 'किस्मत में था अवघट-मरघट…………………………।'

पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 8

2. (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

लिखने वाले के हृदयगत भाव को समझ लेने की समस्या भी कम जटिल नहीं। एक भाव को हृदयंगम करते ही भावों की बाढ़ आ घेरती है। साधारणतः वे ग्रामीण नागरिक बुद्धिजीवियों से अधिक भावुक होते हैं, इसी से संदेश का प्रत्येक अंश उनमें नवीन भावोद्रेक का कारण बन जाता है। कथा के क्रम में कभी उनके हँसने का परिचय मिलता है, कभी क्रंदन का, कभी क्रोध का भाव व्यक्त होता है, कभी पश्चाताप का, कभी ममता की तन्मयता का आभास रहता है, कभी उपेक्षा जनित ग्लानि का।

**अथवा**

फूलमती अपने कमरे में जाकर लेटी, तो उसे मालूम हुआ, उसकी कमर टूट गई है। पति के मरते ही अपने पेट के लड़के उसके शत्रु हो जाएँगे, उसको स्वप्न में भी गुमान न था। जिन लड़कों को उसने अपना हृदय-रक्त पिला-पिलाकर पाला, वही आज उसके हृदय पर यों आघात कर रहे हैं ! अब वह घर उसे काँटों की सेज हो रहा था, जहाँ उसकी कुछ कद्र नहीं, कुछ गिनती नहीं, वहाँ अनाथों की भाँति पड़ी रोटियाँ खाये, यह उसकी अभिमानी प्रकृति के लिए असह्य था। 8

(ख) निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

इस देश में करोड़ों प्रजा ऐसी है जिसके लोग जब संध्या-सबेरे किसी स्थान पर एकत्र होते हैं तो महाराजा

विक्रम की चर्चा करते हैं और उन राजा-महाराजाओं की गुणावली का वर्णन करते हैं जो प्रजा का दुःख मिटाने और उनके अभावों का पता लगाने के लिए रातों को वेश बदलकर निकला करते थे। अकबर के प्रजा-पालन की और बीरबल के लोकरंजन की कहानियाँ कहकर वे जी बहलाते हैं और समझते हैं कि न्याय और सुख का समय बीत गया। अब वे राजा संसार में उत्पन्न नहीं होते जो प्रजा के सुख-दुःख की बातें उनके घरों में आकर पूछ जाते थे।

**प्रश्न :**

(*i*) इस अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(*ii*) प्रजा महाराजा विक्रम की चर्चा क्यों करती है ? 8

3. 'भेड़िया' कविता में भेड़िया किस वर्ग का प्रतीक है ? भेड़िए को समाप्त करने के लिए कवि ने क्या सुझाव दिए हैं ?

**अथवा**

'ताशों में ही बचे रहेंगे' कविता की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए। 9

4. " 'करवा का व्रत' कहानी के माध्यम से कहानीकार ने पुरातन रूढ़ियों के स्थान पर नवीन मान्यताओं को प्रतिष्ठित किया है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'सरहद के उस पार' का प्रतिपाद्य लिखिए। 9

5. (क) राष्ट्रभाषा और राजभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

मानक भाषा की विशेषताएँ लिखिए। 5

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

संसारिक, कनिष्ट, श्रीमति, सामिग्री, उन्नती, सथाई।

(ग) किन्हीं **तीन** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 3

(*i*) बच्चे को काटकर सेब खिला दो।

(*ii*) सारे देश भर में रोष प्रकट किया गया।

(*iii*) सबों को दस-दस आम दे दो।

(*iv*) कई दफ्तर के क्लर्क आज छुट्टी पर हैं।

(*v*) वह शायद अवश्य आएगा।

6. (क) निम्नलिखित शब्दों को हिंदी शब्दकोश के अनुसार क्रम में लिखिए :

ईश्वर, पहचान, गोपनीय, किसान, हमेशा, श्रृंगार, पंथ, सुंदर।

**अथवा**

द्विभाषी कोश का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए उसका महत्व लिखिए। 5

(ख) बैंकों में हिंदी के प्रयोग की उपयोगिता का उल्लेख कीजिए। 5

(ग) किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए :

Insurance, Deduction, Memorandum, Debtor, Verification, Circular, Discount. 5

7. (क) किसी कम्पनी में नौकरी के लिए स्ववृत्त तैयार कीजिए।

**अथवा**

अपनी कविता के प्रकाशनार्थ समाचारपत्र के संपादक को पत्र लिखिए। 5

(ख) भेंटवार्ताकार को भेंटवार्ता करते समय किन सावधानियों को बरतना चाहिए ? 5

(ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए :

(*i*) बढ़ती रेल दुर्घटनाएँ;

(*ii*) उच्च शिक्षा का गिरता स्तर;

(*iii*) मेरा देश महान। 5

8. 'दिलो दानिश' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) जब वकील साहब घर पहुँचे तो बच्चे और महक कहाँ थे ?

(*ii*) महकबानो अजमेर शरीफ़ किसके साथ गई ?

(*iii*) कुटुम्ब प्यारी के बच्चों का नाम लिखिए।

(*iv*) महकबानो के चरित्र की **दो** विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

'जिस लाहौर नइ देख्या ओ जम्याइ नइ' नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) मिर्ज़ा रतन की माँ को हवेली खाली करने के लिए क्यों कहते हैं ?

(*ii*) जावेद के यह पूछने पर कि यह घर किसका है, मिर्ज़ा क्या उत्तर देते हैं ?

(*iii*) मिर्ज़ा सिकंदर ने क्लर्क से जाकर क्या शिकायत की ?

(*iv*) रतन की माँ के चरित्र की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 10